ब्र.कु. शारदा दीदी

आप एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता है | आप पिछले 52 वर्षों से भी अधिक समय से राजयोग शिक्षिका के तौर पर ब्रह्माकुमारीज़ (एक गैर सरकारी संगठन, अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान) में अपने सेवाएं प्रदान कर रही है | आप का जन्म राजस्थान में जयपुर में हुआ था | आप ने बीएड और एम.ए. आर्ट की डिग्री प्राप्त की | प्रारंभ में आपने दो साल नौकरी की | आपका जयपुर में इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय से संपर्क हुआ | आपने 21 वर्ष की अल्प आयु में आपने अपना जीवन मानवता का सेवा के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया | उसके बाद आपने ने 5 साल विदेश सेवाओं में अपना सहयोग दिया | साउथ ईस्ट एशिया के देश जैसे हांगकांग, सिंगापुर श्रीलंका में आपने सेवाएं दी कुछ समय अफ्रीका और यूरोप में भी सेवाएं दी | 7 वर्षों तक आप दिल्ली में रहें और अभी पिछले 35 वर्षों से अम्बावाड़ी (गुजरात) और उससे सम्बंधित सेवाकेंद्र की संचालिका है | ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय में नियमित ब्रह्माकुमार भाई बहनों के होने वाले कार्यक्रम की भी आप प्रशिक्षिका है | वर्तमान में आप महिला प्रभाग के भी राष्ट्रीय संयोजिका है |